PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref. no: - PPU/CON/EXAM/520/26 · Date: - 15/6/2026

आवश्यक सूचना

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि U.G. Semester–V (Session 2023–27) के वे सभी छात्र-छात्राएँ, जिन्होंने अपना इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है, किंतु किसी कारणवश अपना इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र एवं संबंधित आवश्यक दस्तावेज विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं कर सके हैं, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

अतः ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपना इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेज दिनांक 20.06.2026 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर दें।

साथ ही सभी प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य एवं महाविद्यालय के NEP समन्वयकों से अनुरोध किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं द्वारा इंटर्नशिप संबंधी दस्तावेज अपलोड कर दिए गए हैं, किंतु महाविद्यालय स्तर से उनका सत्यापन (Verification) लंबित है, उसे अविलंब पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त, अंतिम तिथि अर्थात् दिनांक 20.06.2026 तक अपलोड किए गए सभी इंटर्नशिप प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेजों का महाविद्यालय स्तर से सत्यापन दिनांक 24.06.2026 तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्धारित तिथि के उपरांत इंटर्नशिप संबंधी किसी भी प्रकार के आवेदन अथवा अनुरोध पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। जो छात्र-छात्राएँ निर्धारित अवधि के भीतर अपना इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड नहीं करेंगे, उन्हें U.G. Semester–V के इंटर्नशिप पाठ्यक्रम में अनुपस्थित (Absent) माना जाएगा।

प्रो० (डॉ०) मनोज कुमार
परीक्षा नियंत्रक
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना